पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय ललितपुर

सत्र 2025-26 के लिए कक्षा-1 में प्रवेश हेतु सूचना

दिनांक : 20.03.2025

प्रिय अभिभावकगण,

1. **अत्यंत महत्वपूर्ण:**

पंजीकरण करते समय कृपया सेवा श्रेणी (Service Category) को पुनः जांच लें।

आपको सूचित किया जाता है कि प्रवेश के लिए के. वि. सं. के दिशा निर्देशानुसार अभिभावकों की सेवा श्रेणी के आधार पर निम्नलिखित प्राथमिकताओं का पालन किया जाएगा:

सेवा श्रेणी 1. केन्द्रीय सरकार के स्थानांतरणीय और गैर-स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चे और भूतपूर्व सैनिकों के बच्चे।

सेवा श्रेणी 2. भारत सरकार के स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/उच्च शिक्षा संस्थानों के स्थानांतरणीय और गैर-स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चे।

सेवा श्रेणी 3. राज्य सरकार के स्थानांतरणीय और गैर-स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चे।

सेवा श्रेणी 4. राज्य सरकारों के स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/उच्च शिक्षा संस्थानों के स्थानांतरणीय और गैर-स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चे।

सेवा श्रेणी 5. किसी अन्य श्रेणी के बच्चे, अर्थात् वे सभी जो ऊपर सूचीबद्ध श्रेणियों 1 से 4 में से किसी के अंतर्गत नहीं आते हैं।

नोट: प्रवेश में वरीयता पिछले 7 वर्षों में माता-पिता के स्थानांतरण की संख्या पर आधारित होगी।

आपसे विशेष अनुरोध है कि कृपया अपना आवेदन पुनः जांच लें |

यदि पंजीकरण फॉर्म में कोई त्रुटि हो जाती है, तो → पूर्व पंजीकरण को रद्द करें। → सही विवरण के साथ तथा सही सेवा श्रेणी के आधार पर नया पंजीकरण ऑनलाइन अंतिम तिथि से पहले पुनः जमा करें।

अंतिम तिथि: 21/03/2025 रात्रि 10 बजे तक

2. प्रवेश सूची जारी होने पर जमा किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज़ तैयार रखें|

प्राचार्य